हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32 .2 डिग्री
न्यूनतम 16 .3 डिग्री

होलिका दहन कर मांगी सुख-समृद्धि 12



हिसार बाईपास पर दो युवकों पर फायरिंग 12



## लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें : एडीसी

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का त्वरित समाधान करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं की समीक्षा करते हैं। समाधान शिविरों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। ऐसे में अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरतें। एडीसी स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।







# दुल्हेंडी को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध, सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर, शहर में अतिरिक्त राइडर तैनात

■ पुलिस ने कई जगह की नाकाबंदी ■ हुड़दंगबाजी करने वालों से सख्ती से निपटेंगे पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दुल्हेंडी के दिन पुलिस विभाग की तरफ से चौक-चौराहों व थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा पुख्ता इंतजाम किए गए है। रंगों के त्यौहार को शांतिपूर्वक लोग भाईचारे के हिसाब से बना सके उसके लिए पुलिस विभाग की तरफ से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। एसपी की तरफ से रंगों के त्योहार पर किसी से अभद्रता करने व शराब पीकर हुड़दंग बाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। वहीं, शहर में सीसीटीवी से भी नजर रखी जा रही है। जिन एरिया में हुड़दंग का अंदेशा है वहां की जिम्मेदारी सीआईए टीम को सौंपी गई है।

### अधिकारी किए तैनात

होली के त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे दूसरों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। कुछ लोग होली के मौके पर लड़कियों व महिलाओं के साथ अभद्रता करने में भी पीछे नहीं रहते तथा ग्रामीण क्षेत्र में होली के दिन लड़ाई-झगड़े भी अधिक होते हैं। होली के मौके पर लड़ाई-झगड़े की नौबत न आए और लोग शांति से होली मनाएं इसके लिए पुलिस ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी है। होली व दुल्हेंडी के दिन के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस ने जिले को अलग-अलग जोन में बांटा है। साथ ही पीसीआर, डायल-112 और बाइक राइडर होली पर गश्त कर हुड़दंगियों की निगरानी करते रहेंगे।



### पुलिसकर्मी अल्कोहल सेंसर मशीन से लैस

सभी थाना व ट्रैफिक प्रभारियों को अल्कोहल सेंसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिससे वह शराबियों पर नकेल कस सके। साथ ही पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शराब के नशे में पकड़े गए लोगों को होली पर्व पर काबू किया जाए। साथ ही उनका चालान भी काटा जाए।

### थाना प्रभारी लगाएंगे गश्त

सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चौकस करने के लिए गश्त करने के निर्देश दिए हैं। पीसीआर व बाइक राइडरों की विशेष गश्त भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने सभी जिला वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए इस त्यौहार को भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।


-नरेन्द्र बिजारणिया, एसपी, रोहतक

### सादी वर्दी में पुलिस कर्मचारी तैनात

पुलिस ने हुड़दंग करने वालों को सख्त निर्देश दिए है कि वाहन चालकों व महिलाओं और लड़कियों पर गुब्बारे न फेंके की विभाग की तरफ से अपील की गई है। गुब्बारे फेंकने वालों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। साथ ही सार्वजनिक वस्तुओं को नुकसान पहुंचाने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए जगह-जगह महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में भी तैनात किया जाएगा।

## दिव्यांग बच्चों ने हर्बल गुलाल से खेली होली

**रोहतक।** भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों ने होली के अवसर पर अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का निर्माण किया और अपने हाथों से हर्बल गुलाल तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान के बच्चों ने यह साबित किया कि दिव्यांगता किसी भी प्रकार की सफलता में बाधा नहीं बन सकती। उनकी मेहनत और रचनात्मकता ने यह दर्शाया कि वे भी समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। संस्थान द्वारा किए गए इस प्रयास को समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है, अब उन्हें समाज के सकारात्मक सहयोग की आवश्यकता है।




## डॉ. सत्यवान बरोदा डीन मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इमसॉर के प्रोफेसर डॉ. सत्यवान बरोदा को फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज एंड कॉमर्स का डीन मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने बताया कि बतौर डीन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज एंड कॉमर्स की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से 30 अप्रैल 2025 तक की गई है।

## एमडीयू ने परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमएससी-जेनेटिक्स, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर साइंस-डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग, बायोकेमिस्ट्री, एनवायरमेंटल साइंसेज, एनवायरमेंट बायोटेक्नोलोजी, फोरेंसिक साइंस, माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, जूलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी के चौथे सेमेस्टर री-अपीयर, एमए-डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज, इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, संस्कृत, समाजशास्त्र, योग विज्ञान के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमकॉम चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, बी. आर्क- प्रथम, तीसरे, पांचवें, सातवें व नौं सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा दसवें सेमेस्टर की री-अपीयर, एम.आर्क एलए के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एम. प्लानिंग के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एमएससी-गणित, गणित विद कंप्यूटर साइंस, गणित अंडर एसएफएस व सांख्यिकी के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, एम.टेक नान सीबीसीएस के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

## स्वयंसेवकों ने की स्कूल की सफाई

महम। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-I द्वारा वीरवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इकाई के सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सांगवान ने किया। उन्होंने ईको फ्रेंडली रंगों का प्रयोग करते हुए होली का त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्यों और समाज सेवा में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## जूनियर रेडक्रॉस जागरूकता शिविर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में 17 से

**रोहतक।** जिले में स्कूली विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की विभिन्न प्रकार गतिविधियों की जानकारी देने के लिए हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस समिति द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस शिविर आयोजित किया।जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता शिविर उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में स्थानीय गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में 17 मार्च से आयोजित किया जाएगा।






***होली का पर्व मनाया:*** सांपला। इलाके में बृहस्पतिवार को होली का पर्व मनाया गया। दिन भर महिलाओं ने व्रत रखा और होली पूजन किया। बच्चों की लंबी उम्र सुरक्षा की कामना की गई। शाम को इलाके में होली का दहन हुआ। उसके बाद महिलाओं ने व्रत खोला। वहीं बाजार में होली पर्व को लेकर खरीदारों की भीड़ रही। जबकि युवा एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाते देखे गए।




## वैश्य गर्ल्स स्कूल में खेली होली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैश्य गर्ल्स सी. सै. स्कूल में वीरवार को होली खेली गई। प्राचार्या रेखा गुप्ता ने बताया कि इस दौरान स्टाफ ने बच्चों के साथ होली मनाई। एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

## जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया

# बार एसोसिएशन चुनाव के लिए तैयारियां शुरू, 17 को चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन में 17 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। चुनाव कमेटी ने जहां प्रशासन से पुलिस बल और ईवीएम मुहैया करवाने के लिए मांग की है वहीं प्रशासन की तरफ से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। चुनाव को देखते हुए प्रशासन भी नजर बनाए हुए है।

- एक बार पहले टल चुका है चुनाव

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने 17 मार्च को होने वाले बार एसोसिएशन रोहतक के चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के पंचायतीराज विभाग के एसडीओ गिरीश बत्तरा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत एसपी द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस बल के प्रभारी ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सम्पर्क में रहेंगे।


रोहतक। जिला बार एसोसिएशन का फाइल फोटो। फोटो: हरिभूमि

गौरतलब है कि पहले यह चुनाव 28 फरवरी को होना था लेकिन चुनाव कमेटी और प्रधान पद के उम्मीदवार आमने सामने हो गए। वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम कटने पर माहौल तनावपूर्ण हुआ तो चुनाव अधिकारी द्वारा मतदान प्रक्रिया रोक दी गई थी। इसके बाद प्रधान पद के उम्मीदवार दीपक हुड्डा को प्रधान नियुक्त किया गया। अब प्रधान पद को छोड़कर अन्य पदों पर चुनाव करवाया जाएगा।

### इन पदों पर लड़ रहे चुनाव

चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक ने बताया कि महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल में मुकाबला है। संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल और ज्योति चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि उप प्रधान पद के लिए सुशीला देवी, संदीप खत्री, अभीजीत चौधरी और अजय ओहल्यान ने नामांकन भरे हुए हैं। लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार और साहिल चुनाव लड़ रहे हैं।




## फूलों की होली खेली

रोहतक। श्री बालाजी धाम गांव डोभ में हवन यज्ञ के साथ-साथ 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रधान पुरूषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक महीने की पूर्णिमा को श्री बालाजी का संकीर्तन, भंडारा, भक्त मेला, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। वीरवार को धाम पर होली महोत्सव मनाया गया। भक्तों ने फूलों की होली खेली। कलाकारों ने श्री बालाजी महाराज के भजनों का गुणगान किया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## डीसी ने बाल गृह में सुविधाओं के लिए की 50 लाख रुपये की घोषणा

- उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बाल गृह के बच्चों संग मनाई फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने वीरवार को बाल भवन स्थित बाल गृह में बच्चों के साथ फूलों की होली हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर उन्होंने बाल गृह के बच्चों के लिए एक्टिविटी हॉल को पूर्ण करवाने हेतु 25 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा उपायुक्त ने राजकीय माध्यमिक मॉडल संस्कृति स्कूल के विकास हेतु भी 25 लाख रुपये देने की घोषणा की, बच्चों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं मिल सकें।


रोहतक। बच्चों को उपहार और मिठाई वितरित करते उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा।

इस दौरान उपायुक्त खडग़टा ने बाल गृह में रह रहे बच्चों के खेलने के लिए झूले लगवाने, बच्चों के लिए शैक्षिक एवं मनोरंजक टूर आयोजित करने तथा स्कूल के लिए यातायात सुविधा उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में प्रशासन की ओर से सभी त्योहार बाल गृह के बच्चों के साथ मनाए जाएंगे, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़े रहें और उनका संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन बच्चों के समग्र कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों को उपहार और मिठाई वितरित की और उन्हें प्रोत्साहित किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खंडिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह के अलावा बल गृह एवं बाल भवन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।







## आर्य स्कूल मदीना में मनाया होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

आर्य स्कूल मदीना के प्रांगण में होली के उपलक्ष्य में होली की पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अभिभावकों, बच्चों व शिक्षकों ने भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। बच्चों ने पिचकारी चलाकर, गुब्बारे उड़ाकर और फाल्गुन के गीत गाकर होली पर्व का लुत्फ़ उठाया। विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी अभिभावकों के साथ मिलकर होली खेली और सद्भावना का संदेश दिया। विद्यालय निदेशिका लतेश दांगी ने अभिभावकों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी भेदभाव मिटाकर सद्भावना, सौहार्द और भाईचारा कायम रखते हुए विशुद्ध होली मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय का नॉन टीचिंग स्टाफ भी मौजूद था।



महम। होली उत्सव के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी।







## होली मिलन समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर व रोहतक सिटी के द्वारा दिल्ली रोड स्थित निजी होटल में होली मिलन समारोह हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। केसर का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व उनकी पत्नी संध्या जैन, रवि गुगनानी, क्लब के प्रधान विनोद जैन, सुशील गुप्ता, सचिव सुनील जैन, शिव ऐरन, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, सुमित गुप्ता, नरेश जैन, सतीश बाबू गोयल, सुशील जैन, विनय गोयल, पवन तायल, विजय तायल ने समारोह का शुभारंभ किया।




होली है भाई होली है, रंग बरसे, होली खेले रघुवीरा आदि गानों पर सभी ने जमकर नृत्य किया। पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी, वालीबुड, गुजराती, कथक पर कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।









## मॉडल संस्कृति सांपला में पौधरोपण के साथ मनाया होली उत्सव

रोहतक। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में इस बार होली महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया और सुनिश्चित किया गया कि पानी की व्यवस्था निर्बाध रहे। विद्यालय प्राचार्य संदीप नैन ने बताया कि विद्यालय के इको इंचार्ज डॉक्टर सत्यदेव, स्काउट एंड गाइड इंचार्ज सत्यवान, मोहन बिसला की मेहनत से विद्यालय में पौधरोपण किया गया और चारों तरफ आनंद, उत्सव और प्रेम के त्यौहार को उल्लास से मनाया गया।

## होली पर बाल कवि प्रतियोगिता का आयोजन

रोहतक। अरै होली का ढोल बाजग्या, पहलवान छुट्टी दे रहे सै, आर्य चौपाल प्रेमनगर में जब छात्र रिदम ने अरै होली का ढोल बाजग्या, पहलवान छुट्टी दे रहे हैं, चौगर्दे ने देखणियां बैठे ताली पै ताली दे रहे सैं, घर में खीर हलवा बण रहे सै, ढोल नगाड़े बज रहे सै, गाल में कोल्डे चल रहे सै, गीत सुनाया तो श्रोतागण होली से जुड़ी अपनी पुरानी यादों में खो गये। जब वे युवा अवस्था में होली पर ढोल की थाप पर कुश्ती और कब्बड्डी व अन्य शक्तिवर्धक खेल खेला करते थे। प्रेम नगर स्थित आर्य चौपाल में होली पर वैदिक महायज्ञ कर बाल कवि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



# शीतला स्कूल लाखन माजरा में हर्बल रंगों से मनाई होली

**महम।** शीतला पब्लिक स्कूल लाखनमाजरा में होली उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रिंसिपल कविता रानी ने कहा कि होली समाज को एक साथ लाने और हमारे देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को मजबूत करने में मदद करती है। पर्यावरण और पृथ्वी के प्रति चिंता दिखाते हुए इस त्योहार को कला और शिल्प गतिविधियो सस्वर पाठ और सुबह की सभा जैसी विभिन्न आभासी गतिविधियों के माध्यम से मनाया गया। यह त्योहार पर्यावरण के अनुकूल तरीक से हर्बल रंगों, हल्दी चयन के फूल तथा पंखुडियों के साथ मनाया गया। जल संरक्षण का संदेश दिया। प्रिंसिपल कविता रानी ने छात्रों को संदेश दिया कि हमारे जीवन में होली खुशी, समृद्धि, है, सदभाव और शान्ति के रूप में रंग के महत्व को दर्शाती है। बच्चों को होली के त्योहार का महत्व बताया। कहा कि यह त्योहार प्रेमभाव बढ़ाने संदेश देता है।



**महम।** स्कूल प्राचार्या के साथ होली मनाते शीतला स्कूल लाखन माजरा के नन्हें मुन्ने बच्चे।



## मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नन्हे बच्चों ने शुभकामना संदेश के साथ होली मुबारक कार्ड बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे के साथ तिलक-होली खेली। प्रधानाचार्य डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर उनका मुंह मीठा करवाया। होली को लेकर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, अध्यापकों ने भी एक दूसरे को रंगों से तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश सहगल ने सभी को होली के पर्व पर शुभकामना संदेश भेजा। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मौके पर उपप्रधानाचार्या आशिता भांबरी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया होली का पर्व गुलाल के पैकेट, पिचकारी, गुब्बारे बांटे

**रोहतक।** श्री खाटू श्याम यात्रा समिति के सदस्य जरूरतमंदों की मदद में अग्रसर रहते हैं। समिति के संदस्यो ने आईटीआई ग्राउंड एवं बजरंग भवन के पास रह रहे मजदूरों के बच्चों एवं वंचित परिवारों को गुलाल के पैकेट, पिचकारी, गुब्बारे, बिस्किट, फ्रूटी, चिप्स, मिठाई आदि वितरित की। समिति के अध्यक्ष आशीष बंसल एवं सचिन जैन ने बताया कि जरूरतमंद लोगों के पास साधनों की कमी होती है और वो त्योहारों का पूरा आनंद नहीं ले पाते, इसलिए हमारी समिति के सदस्य ऐसे बच्चों को हर वर्ष होली के त्योहार पर समान भेंट करते हैं, जिससे ये लोग भी रंग बिरंगे होली के त्योहार का आनंद ले सकें। गौरव गुप्ता, अमित गुप्ता ने कहा कि बच्चे पिचकारी, रंग, गुब्बारे, चिप्स और अन्य सामान पाकर खुश थे। इस अवसर पर जतिन मित्तल, कृष्ण कुमार, अरमान कौशिक, चिराग गर्ग, ईशु सिंगला, मौलिक बंसल, श्रेयस जैन आदि मौजूद रहे।

# तिलक लगाकर मनाई होली



रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। होली के अवसर पर प्रातः कालीन विशेष सभा का आयोजन किया गया। इशिका ने होली पर्व के बारे में बताया और साथ ही कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने होली पर्व पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही कक्षा नर्सरी से यूकेजी के बच्चों को भक्त प्रहलाद और होलिका की पूर्ण कथा से अवगत करवाया। अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने भी शिक्षकों को रंग लगाया। सभी अध्यापको ने भी रंगों के इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया व सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह, कोर्डिनेटर मंजू, प्राइमरी इंचार्ज नितिका सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे।



# होली का महत्व बताया

**रोहतक।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय जिला कारागार सेक्टर पांच में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य नीलम देवी ने बच्चों को होली का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका पूनम, निर्मला, सीमा, सरिता, भावना, बबीता आदि उपस्थित रहे।



## मास्टर चांदसिंह अहलावत ने जीते 3 पदक

रोहतक। गत 4 से 9 मार्च तक बैंगलुरू विश्वविद्यालय में 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित की गई। इसमें में 3600 के लगभग पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणा के 87 पुरूष एवं 27 महिला खिलाड़ी शामिल रहे। राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडू प्रथम, मणिपुर द्वितीय और हरियाणा तृतीय स्थान पर रहा। हरियाणा के बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट में गोल्ड, डिस्कस थ्रो में सिल्वर, जेवलीन थ्रो में कांस्य पदक जीता।



## प्रसाद वितरित किया

रोहतक। फाल्गुनी एकादशी पर श्री श्याम सेवा समिति की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने बाबा के भजनों का गुणगान किया और सुंदर झांकियों का भी मंचन किया गया। सभी ने बाबा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुकेश सिंगला, विनय सिंघल, नितिन बंसल, सचिन बंसल, हर्षित तायल, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।



























# ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसो. ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




आल इंडिया पीएनबी पेंशनर्ज़ एंड रिटायरीज एसोसिएशन ने निजी होटल में एक होली मिलन, स्वास्थ्य जांच शिविर सहित आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दयानंद कार्यकारी अध्यक्ष ने की। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. रमेश चंद आर्य रहे। डॉ. दिनेश शर्मा नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. देवेंद्र सभरवाल, डॉ. शिवानी दंतज्ञ, डॉ. रितु, डॉ. सुमित और डॉ. विवेक ने स्वास्थ्य क जांच की और 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सदस्यों के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए। एमके जैन संगठन सचिव ने मंच संचालन किया। एससी भाटिया, बलबीर कल्सन, शांति लाल, अर्चना कोचर आदि ने भजन, काव्यपाठ व गीत प्रस्तुत किए। डॉ. आर्य ने होली पर्व की शुभकामनाएं दी। एमएल अरोड़ा रोहतक सर्कल महासचिव ने सेवानिवृत्त लोगों के कल्याण और बैंकिंग उद्योग में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की।

### बुजुर्गों को नेत्र सम्बन्धी रोगों से देखभाल की सलाह दी

*उन्होंने सरकार की आयुष्मान भारत योजना की प्रशंसा की और इसे 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लागू करने की मांग की। डॉ. शर्मा ने बुजुर्गों को नेत्र सम्बन्धी रोगों से देखभाल और मौसमी रोगों से बचाव के की सलाह दी। योगेश खुराना ने पर्यावरण पर चर्चा की और सभी को अपनी ओर से जूट बैग वितरित किए। एमके गुलाटी ने होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुनील, केएल मक्कड़, कैलाश शर्मा, ज्ञान नागपाल, नरेश गर्ग, जवाहरलाल, एसपी पोपली, राजिंदर चांदना, जय किशन, रामजी दास आदि मौजूद रहे।*



## जीआर किड्स कॉलेज में होली महोत्सव मनाया

रोहतक। जीडी किड्स कॉलेज में होली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य सविता बुधवार ने सभी को आपसी भेदभाव को भूलकर हर्षोल्लास से मनाने की सीख दी। सभी शिक्षकों ने पानी बचाने की अपील की। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अमित, प्रधानाचार्य सविता, अध्यापिका रिचा, सीमा, काजल, रीना, मंजू, अक्षिता, हिना, विशिका, सुरेन्द्र, दीपक, पंकज आदि मौजूद रहे।

## अच्छाई पर बुराई की जीत के तौर पर मनाया जाता है होली का त्योहार

# होलिका दहन कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

**खास बातें**

- महिलाओं ने होली के उपलक्ष में व्रत रखा
- परंपरा अनुसार बच्चों की मंगलकामना से होलिका स्थल की परिक्रमा की कर बुजुर्ग महिलाओं से लिया आर्शीवाद
- महिलाओं ने गाए मंगलगीत



रोहतक। होलिका दहन पर पूजा करते लोग।



होलिका स्थल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना करते महिलाएं व बच्चे



होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में वीरवार को श्रद्धा के साथ होली पर्व मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक होली पूजन किया। महिलाओं ने होली के उपलक्ष में व्रत रखा। उन्होंने परंपरा अनुसार बच्चों की मंगलकामना से होलिका स्थल की परिक्रमा कर परिवार की बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए होली पूजन किया।

### भक्तों ने पूजा की

*भक्तों ने होलिका और प्रह्लाद की प्रतिमा बनाकर भगवान नरसिंह की पूजा की। परिवार के साथ होलिका की तीन बार परिक्रमा की। नरसिंह भगवान से प्रार्थना करते हुए होलिका की आग में गेहूं, चने की बालियां, जौ, गोबर के उपले आदि डाले। इसके बाद होलिका की आग में गुलाल और जल चढ़ाया। होलिका की आग शांत होने के बाद उसकी राख को घर ले आए। माना जाता है कि इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। लोगों ने घरों में पूड़ी, खीर, मालपुआ, हलवा और कचौड़ी आदि बनाए।*

### नकारात्मक उर्जा दूर होती है

*आचार्य मानोज मिश्र ने बताया कि होलिका दहन करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। परिवार के सभी सदस्यों को होलिका की परिक्रमा करनी चाहिए और होलिका की राख को शरीर पर लगाना चाहिए। होलिका दहन का त्योहार बुराई की अच्छाई पर जीत के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है।*

## महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक किया पूजन व लोगों ने रंग लगाकर मनाया त्योहार




### होलिका दहन का बताया महत्व

आचार्य मनोज मिश्र ने बताया कि आदिकाल में हिरण्यकश्यप नामक राक्षस के घर पर प्रह्लाद का जन्म हुआ था। प्रह्लाद भगवान विष्णु के भक्त थे, जबकि हिरण्यकश्यप खुद को ईश्वर से भी बढ़कर समझता था। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को विष्णु भक्ति के मार्ग से हटाने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। हिरण्यकश्यप ने आगबबूला होकर प्रह्लाद को मारने की भी कोशिशें की, लेकिन वह इसमें भी कामयाब नहीं हो सका। इसके बाद उसने अपनी बहन होलिका को मदद के लिए बुलाया। होलिका को शिवजी से वरदान मिला था कि उसे अग्नि नहीं जला सकती है। इसके बाद योजना बनाई गई कि प्रह्लाद को होलिका की गोद में बैठाकर आग में जला दिया जाएगा। इसके बाद होलिका प्रह्लाद को लेकर चिता में बैठ गई, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से होलिका जल गई और प्रह्लाद सही सलामत बच गया।

## विवाद सुलझाने के बहाने से बुलाकर की फायरिंग, एक की कमर में लगी गोली



रोहतक। गोली लगने से घायल युवक

- घायलों में 19 वर्षीय सौरभ और 26 वर्षीय सहिल
- दोनों युवकों को इलाज के लिए पीजीआई ले जाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के हिसार बाईपास पर बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे बदमाशों ने दो युवकों पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक युवक को कमर में गोली लगी, जबकि दूसरे की कनपटी के पास से निकल गई। दोनों को इलाज के लिए पीजीआई ले जाया गया। घायलों की पहचान 19 वर्षीय सौरभ पुत्र उपदेश निवासी शुगर मिल कॉलोनी रोहतक व 26 वर्षीय सहिल पुत्र कबूल सिंह निवासी गांव बामडोला झज्जर के रूप में हुई। दोनों घायलों को पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### दूसरे की कनपटी के पास से होकर गुजरी

पीजीआई के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए पहुंचे घायल साहिल ने बताया कि काम को लेकर उनका के साथ विवाद चल रहा है। इसी मामले में वह बातचीत करने गए थे, लेकिन आरोपियों ने बातचीत करने की बजाए उनके ऊपर गोली चला दी। फायरिंग में एक गोली सौरव की कमर में लगी हुई है, जबकि साहिल की कनपटी को छूते हुए एक गोली निकली है।

### पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी

सिटी थाने के जांच अधिकारी राज कुमार ने बताया कि उन्हें हिसार बाईपास पर गोली चलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक घायलों को पीजीआई ट्रोमा सेंटरलेकर पहुंच गए थे। पुलिस ने घायलों के बयान पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बुजुर्ग महिला को उपलब्ध करवाया रसोई का राशन

रोहतक। जिला प्रशासन द्वारा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ असहाय जरूरतमंद लोगों की मदद भी हर संभव की जा रही है। समाधान शिविर में पहुंची माता दरवाजा क्षेत्र की असहाय महिला साहनी देवी को जिला प्रशासन ने रेडक्रॉस की मदद से खाद्य सामग्री मुहैया करवाई। इस पर बुजुर्ग महिला साहनी देवी ने जिला प्रशासन का आभार जताया।

## इंडस जूनियर विंग में मनाया होली का त्योहार



रोहतक। इंडस जूनियर विंग में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंग बिरंगी पोशक पहने नन्हे बच्चों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। स्कूल चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद रामचंद्र के कार्यालय पर मनाई होली

- भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा गांवों के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, वकीलों और दुकानदारों व व्यापारियों ने कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के काठमंडी स्थित कार्यालय पर आयाजित होली मिलन समारोह में भाग लिया। समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा इलाके के कई सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, वकीलों और दुकानदारों व व्यापारियों ने भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और आपस में होली की शुभकामनाएं दी। सांसद जांगडा ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और नगर निकाय चुनाव में भाजपा की भारी जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सांसद जांगड़ा ने हलका महम के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। कहा कि केंद्र में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय के मंत्र के साथ और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में नान स्टॉप हरियाणा अब नगर निकाय में भी एकतरफा बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्यो के नए इतिहास लिखेगी।



महम। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ होली का त्योहार मनाते राज्यसभा सांसद रामचंद्र।

